पत्रांक 15/ए3–30/2022

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज, बि0प्र0से0
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

पटना, दिनांक– 2022

विषयः– धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री कॉलेज, कुल्हड़िया, भोजपुर का संबंधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–C/59/Estab/2022 दिनांक–14.01.2022 द्वारा धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री कॉलेज, कुल्हड़िया, भोजपुर में स्नातक कला संकाय के 17 विषयों हेतु सत्र 2023–26 से एवं स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के पास/प्रतिष्ठा स्तर के विषय में सत्र 2022–25 से स्थायी संबंधन हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया है। समीक्षोपरांत राज्य सरकार द्वारा बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 21(2)(d) के आलोक में राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक–1098 दिनांक 19.04.1986 यथा संशोधित पत्रांक–3196 दिनांक 14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक 25.10.2019 में निहित प्रावधानो के अधीन धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री कॉलेज, कुल्हड़िया, भोजपुर को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के प्रतिष्ठा स्तर के प्रस्तावित विषयों में निम्न प्रकार संबंधन की स्वीकृति प्रदान की जाती है :–

क्र०	संकाय	विषय	संबंधन की अवधि
1	कला (पास/प्रतिष्ठा स्तर)	हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्राकृत, उर्दू, इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, राजनीतिशास्त्र, दर्शनशास्त्र, श्रम एवं समाज कल्याण, भोजपुरी, पाली, बौद्ध दर्शन एवं संगीत (कुल 17 विषयों में)	सत्र 2023–26 से स्थायी संबंधन।
2	कला (पास/प्रतिष्ठा स्तर)	गृह विज्ञान, मानोविज्ञान एवं प्राचीन इतिहास (कुल 03 विषयों में)	सत्र 2022–25 से स्थायी संबंधन।
3	विज्ञान (पास/प्रतिष्ठा स्तर)	भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं गणित (कुल 05 विषयों में)	
4	वाणिज्य संकाय (पास/प्रतिष्ठा स्तर)	वाणिज्य संकाय के सभी अनिवार्य विषयों में	

उक्त निर्णय पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह०/–

(अरशद फिरोज)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–15/ए3–30/2022 – 1913. पटना, दिनांक 08.07.22.

प्रतिलिपिः– उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार/निदेशक (उच्च शिक्षा) शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री कॉलेज, कुल्हड़िया, भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई0 टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव